कृषि विज्ञान केन्द्र, उजवा, दिल्ली

प्रगतिशील किसान को देव भूमि बागवानी अवार्ड 2019 & 2023

कृषि विज्ञान केन्द्र, उजवा, दिल्ली एवं राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, नई दिल्ली के सहयोग से बागवानी में परिवर्तनः विज्ञान और प्रौद्योगिकी'' पर प्रगतिशील बागवानी सम्मेलन के दौरान प्रगतिशील किसान श्री सत्यवान जी सहरावत, दरियापुर, बवाना, दिल्ली को भारतीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास सोसायटी, नई दिल्ली एवं गोविंद वल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर, उत्तराखंड के द्वारा बागवानी के क्षेत्र में उन्नत कार्य के उपलक्ष में ''देव भूमि बागवानी अवार्ड 2019 & 2023'' से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास सोसायटी, नई दिल्ली के द्वारा गोविंद वल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर, उत्तराखंड में 03 से 05 फरवरी, 2023 तक आयोजित किया गया।

यह अवार्ड माननीय डॉ. एस.के. मल्होत्रा, परियोजना निदेशक, भा.कृ.अनु.प.–कृषि ज्ञान प्रबंधन निदेशालय, पूसा नई दिल्ली और पूर्व आयुक्त (कृषि और बागवानी), कृषि विभाग, सहकारिता और किसान कल्याण, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली और डॉ. आर.के. पाठक, अध्यक्ष, भारतीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास सोसायटी, नई दिल्ली की गरियामयी उपस्थिती में दिया गया।

श्री सत्यवान जी बागवानी क्षेत्र में सब्जी के क्षेत्र में उत्करणीय कार्य कर रहे है। उन्होनें नें कृषि विविधीकरण के साथ, उच्च मूल्य वाली फसलों–उद्यमों की ओर विविधीकरण, कम लागत वाले पॉली हाउस के माध्यम से नर्सरी उगाना की प्रौद्योगिकी, बेमौसमी नर्सरी उगाना और सब्जियां उत्पादन, अंतर–सस्य सब्जी फसल प्रणाली आदि के साथ जैविक खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य कर रहे है। श्री सत्यवान जी भा.कृ.अनु.प.–भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा, नई दिल्ली के द्वारा वर्ष 2019 में ''अभिनव किसान पुरस्कार'' एवं वर्ष 2020 में ''भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान–अध्येता पुरस्कार'' से सम्मानित किये जा चुके है।